MAY 2024 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — $(10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. 'आशा' सर्ग का संदेश क्या था?
2. मुक्तिबोध अपने आप को अकेले क्यों अनुभव करते हैं?
3. कवि ने कल्पना को विलासिनी बनने को क्यों कहा?
4. शिवमंगल सिंह सुमन वास्तविक जीवन किसे मानते हैं?
5. भारत की आरती कविता में कवि समाजवाद क्यों चाहते हैं?
6. आनेवालों से एक सवाल कविता में विज्ञान के प्रति कवि का विचार क्या है?
7. निराला को क्रांतिकारी कवि क्यों कहा जाता है?
8. प्रेमचन्द युगीन उपन्यासकारों के नाम गिनाइए।
9. उपेन्द्रनाथ अश्क के एकांकी संग्रहों के नाम लिखिए।
10. नई कविता के शिल्प विधान की विशेषताओं को बताइए।

11. हिन्दी की प्रथम कहानी किसे मानते हैं? ओर क्यों?

12. यशपाल का परिचय दीजिए।

SECTION B — $(5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. धीरे-धीरे हिम आच्छादन
घटने लगा धरातल से
जगी वनस्पतियाँ अलसाई
मुख धोती शीतल जल से।

14. गतियों की दुनिया में
मेरी वह भूखी बच्ची मुनिया है शून्यों में
पेट की आँतों में न्यूनों की पीड़ा है
छाति के कोषों में रहितों की क्रीड़ा है
शून्यों से घिरी हुई पीड़ा ही सत्य है।

15. गुलाम देश में मगर
किसी जवान लाश पर
निरीह शोक का कफ़न तानना गुनाह है
अश्रु-हास भी मना
भूख-प्यास भी मना
यहाँ मनुष्य को मनुष्य मानना गुनाह है
यहाँ सदा बंधी रही कल्पना हताशिनी।

16. लघुता न अब मेरी छुओ
तुम हो महान बने रहो
अपने हृदय की वेदना मैं व्यर्थ त्यागूँगा नहीं।
वरदान माँगूँगा नहीं।

17. देश देश की स्वतंत्रता देवी
आज अमित प्रेम से उतारती
निकटपूर्व, पूर्व, पूर्व-दक्षिण में
जन, गण-मन इस अपूर्व शुभ क्षण में
गाते हैं घर में हो या रण में
भारत की लोकतंत्र – भारती।

18. संसार भर में शांति का मंत्र फूँकता रहा
पर जिसे अपने ही बीच घर में
भाई-भाई के बीच दीवार खडी करनी पड़ी
जो पराधीन देश की मुक्ति में लगा रहता था
पर जिसके अपने ही अंग पराये बंधन में जकड़े थे।

19. और तभी किसी दिन
किसी प्राचीन काव्य संग्रह में
तुम पेरी कविताएँ पढ़ोगे,
और उन्हें पढ़कर तुम्हें कैसा लगेगा?

SECTION C — $(3 \times 10 = 30$ marks)

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए।

$(1 \times 10 = 10)$

20. 'कवि और कल्पना' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

21. 'भारत की आरती' कविता का मूल्यांकन कीजिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए।

$(1 \times 10 = 10)$

22. प्रगतिवादी काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

23. हिन्दी एकांकी के उद्भव ओर विकास पर चर्चा कीजिए।

24. किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए। $(2 \times 5 = 10)$

(a) मैथिली शरण गुप्त

(b) महादेवी वर्मा

(c) जैनेन्द्र कुमार

(d) मोहन राकेश